संकलनात्मक परीक्षा-1 (कक्षा : छठी) 9/2015

विषय : हिन्दी

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 80

## खण्ड - 'क'

प्र1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

मनुष्य ने स्वार्थ के कारण वृक्षों एवं वनों को काटा है। वनों की कमी के कारण जलवायु में बदलाव आया है, जमीन बंजर होने लगी है तथा प्रकृति का संतुलन बिगड़ा है। वृक्षों के बढ़ने के लिए मिट्टी जरूरी होती है। ज़मीन के अन्दर वृक्ष की जड़ें मिट्टी के कणों को जकड़े रखती हैं और उसे बहने से रोके रखती हैं। ज़मीन पर गिरे हुए पत्ते भी मिट्टी को पानी के साथ बहा ले जाते हैं। पानी के साथ मिट्टी के इस बहाव को मिट्टी का कटाव कहते हैं। मिट्टी के कटाव के कारण भूमि बंजर हो जाती है। यह भी देखा गया है कि जहाँ वन अधिक नहीं होते वहाँ वर्षा कम होती है और जब होती है, तो बाढ़ आ जाती है। मनुष्य का यह कर्तव्य है कि वह धरती को हरा-भरा बनाने के लिए अधिक वृक्ष लगाए, वृक्षों के कटाव को रोके तथा लोगों को वृक्षों की उपयोगिता के बारे में जानकारी दे।

(क) वनों की कमी का पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ा है? (2)

(ख) मिट्टी का कटाव किसे कहते हैं? (1)

(ग) हम धरती को सुन्दर व हरा-भरा कैसे बना सकते हैं? (1)

(घ) गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए। (1)

प्र2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

मधुमक्खी कण-कण कर फूलों
से जो मधु ले आती है,
केवल वह ही नहीं, उसे तो
सारी दुनिया खाती है।

हरे वृक्ष पत्तों से पथ को
छायादार बनाते हैं,
उसके नीचे बैठ सभी ही
अपनी थकान मिटाते हैं।

गोल-गोल चाँद नभ से
रोशनी फैलाता है,
देता है हमें शीतलता
सबकी आँखों को भाता है।

सहकर कष्ट, दूसरों को सुख
पहुँचाना है काम कड़ा,
जो ऐसा करते हैं उनका
ही होता है नाम बड़ा।

(क) मधुमक्खी और वृक्ष किस प्रकार हमारे लिए उपयोगी हैं? (2)

(ख) मधुमक्खी मधु कहाँ से लेती है? (1)

(ग) शीतलता हमें कौन प्रदान करता है? (1)

(घ) यह काव्यांश हमें क्या सीख देता है? (1)

## खण्ड - 'ख'

प्र3. (क) निम्नलिखित भाषाओं की लिपि बताइए : (1)

मराठी, अंग्रेज़ी

(ख) 'क्ष' संयुक्त व्यंजन से आरंभ होने वाले दो शब्द लिखिए। (1)

(ग) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित संज्ञा का भेद लिखिए :- (1)

<u>मित्रता</u> निभाना कठिन होता है।

(घ) निम्नलिखित वाक्य में लिंग परिवर्तन कर वाक्य पुनः लिखिए :- (1)

चाचा जी ने पत्र लिखा।

प्र4. (क) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए :- (1)

नाव, ताला

(ख) निम्नलिखित वाक्य में कारक चिह्न रेखांकित कर भेद लिखिए :- (1)

बच्चा छत पर खेल रहा है।

(ग) निम्नलिखित वाक्य में सर्वनाम रेखांकित कर भेद बताइए :- (1)

बाहर कोई खड़ा है।

(घ) निम्नलिखित वाक्य में उचित स्थान पर विराम चिह्न लगाइए :- (1)

दौड़ते रहो मत रुको

प्र5. (क) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :- (2)

सोना, नारी

(ख) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :- (1)

ईमानदार, शांत

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए :- (1)

(i) जिसकी कोई सीमा न हो

(ii) जो कभी बूढ़ा न हो

(घ) 'हार' शब्द के दो भिन्न अर्थ लिखिए। (1)

(ङ) निम्नलिखित मुहावरों से वाक्य बनाइए :- (2)

कलई खुलना, एक आँख से देखना

**खण्ड - 'ग'**

प्र6. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

वाह जी, वाह!
हमको बुद्धू ही निरा समझा है!
हम समझते ही नहीं जैसे कि
आपको बीमारी है;
आप घटते हैं तो घटते ही चले जाते हैं,
और बढ़ते हैं तो बस यानी कि
बढ़ते ही चले जाते हैं -
दम नहीं लेत्ते हैं जब तक बिलकुल ही
गोल न हो जाएँ,
बिलकुल गोल।
यह मरज आपका अच्छा ही नहीं होने में .....
आता है।

(क) लड़की स्वयं को क्या समझती है और क्यों? (2)

(ख) चाँद की क्या विशेषता है? (2)

(ग) उपर्युक्त काव्यांश के कवि तथा भाषा का नाम बताइए। (1)

प्र7. (क) लड़की के अनुसार चाँद की पोशाक कैसी थी? (2)

(ख) 'वह चिड़िया जो' कविता की भाषागत विशेषताएँ लिखिए। (2)

प्र8. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

जब कभी लंबी सैर पर निकलते, अपने पास रुई ज़रूर रखते। जूता लगा तो रुई मोज़े के अंदर। हाँ, हमारे-तुम्हारे बचपन में तो बहुत फर्क हो चुका है। हर शनीचर को हमें ऑलिव ऑयल या कैस्टर ऑयल पीना पड़ता। यह एक मुश्किल काम था। शनीचर को सुबह से ही नाक में इसकी गंध आने लगती। छोटे शीशे के गिलास, जिन पर ठीक खुराक के लिए निशान पड़े रहते, उन्हें देखते ही मितली होने लगती। मुझे आज भी लगता है कि अगर हम न भी पीते वह शनिवारी दवा तो कुछ ज्यादा बिगड़ने वाला नहीं था। सेहत ठीक ही रहती।

(क) लेखिका अपने छालों के इलाज के लिए क्या करती थी? (1)

(ख) लेखिका ने शनिवारी दवा किसे कहा और क्यों? (2)

प्र9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए : (3x2=6)

(क) 'नादान दोस्त' पाठ में केशव और श्यामा के मन में अंडों को लेकर किस तरह के प्रश्न उठते थे? उनके प्रश्नों का जवाब देने वाला कोई क्यों नहीं था?

(ख) 'ऐसे-ऐसे' पाठ में मोहन के 'ऐसे-ऐसे' का क्या कारण था? उसको किसने और कैसे ठीक किया?

प्र10. (क) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए :- (2)

अधीर, सहल, कोलाहल, यकायक

(ख) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :- (2)

फ़ैसला, परिचय

प्र11. 'नादान दोस्त' कहानी में बच्चे चिड़िया के अंडों के बारे में जानने के लिए बहुत उत्सुक थे किंतु उनकी नादानी के कारण अंडे टूट गए। क्या अनजाने में आपसे भी कोई भूल हुई है? उस भूल का क्या परिणाम हुआ? अपने अनुभव के आधार पर लिखिए। (3)

अथवा

'चाँद से थोड़ी-सी गप्पें' कविता में कवि ने बताया है कि चाँद अपना पूर्ण रूप पाकर ही दम लेता है। क्या आप भी अपने लक्ष्य को पाने की पूरी कोशिश करते हैं या कठिनाई आने पर निराश हो जाते हैं? स्पष्ट कीजिए।

प्र12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (2x3=6)

(क) तीनों बच्चों ने छुन-छुन-छुन की आवाज़ सुनकर क्या-क्या अनुमान लगाए? कहानी 'छुन-छुन-छुन' के आधार पर बताइए।

(ख) राजू के जन्मदिन पर क्या-क्या तैयारियाँ की गई थीं? कहानी 'उपहार' के आधार पर बताइए।

(ग) प्रतियोगिता में कौन-कौन से विषय दिए गए थे? सुमित ने किस विषय पर चित्र बनाया? कहानी 'पुरस्कार' के आधार पर बताइए।

प्र13. 'पुरस्कार' कहानी में सुमित के चित्र पर पानी गिर गया था फिर भी सूझबूझ से उसने चित्र सँवारा और पुरस्कार प्राप्त किया। अपने अनुभव के आधार पर बताइए क्या आपने भी कभी बिगड़े काम को सँवारकर अच्छा प्रदर्शन किया है? (4)

अथवा


'उपहार' कहानी में राजू गरीब और बेसहारा बूढ़े बाबा से बहुत प्रेम करता था और उनकी मदद करता था। गरीब और बूढ़ों की मदद करना मनुष्य का धर्म है। इस विषय पर अपने विचार स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड - 'घ'

प्र14. पुस्तकों का महत्त्व बताते हुए माँ और बच्चे के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए। (4)

प्र15. आइसक्रीम का सुंदर एवं आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। (3)

प्र16. नीचे दिए गए चित्र को देखकर 25-30 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। (3)



प्र17. अपने छोटे भाई को विद्यालय में अनुशासन का पालन करने की सलाह देते हुए पत्र लिखिए। (5)

अथवा

विद्यालय में बने अपने नए मित्र के बारे में बताते हुए अपनी माताजी को पत्र लिखिए।

प्र18. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 250 शब्दों में निबंध लिखिए। (5)

(क) मेरा प्रिय खेल

(ख) बिजली के चमत्कार

(ग) ऐसा है मेरा भारत